सार-समाचार

25 से 31 मार्च तक कई कार्यक्रम होंगे

अजमेर, (कासं)। राजस्थान दिवस समारोह 2025 के विभिन्न कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह-2025 के कार्यक्रमों का आयोजन 25 मार्च से 31 मार्च तक किया जाएगा। इन आयोजनों के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। ये सभी कार्यक्रम जेएलएन ऑडिटोरियम में होंगे। उन्होंने बताया कि महिला सम्मेलन 25 मार्च को प्रातः 11.30 बजे से शुरू होगा। इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर एवं सहायक नोडल अधिकारी उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग होंगे। इसी प्रकार सुशासन सप्ताह कार्यक्रम 26 मार्च को 11.30 बजे से होगा। इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर एवं सहायक नोडल अधिकारी सचिव अजमेर विकास प्राधिकरण होंगे। गरीब एवं अंत्योदय कार्यक्रम 27 मार्च को प्रातः 11.30 बजे से होगा। इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय एवं सहायक नोडल अधिकारी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद होंगे। उन्होंने बताया कि किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम 28 मार्च को 11 बजे से होगा। इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय एवं सहायक नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक कृषि विभाग होंगे। युवा एवं रोजगार उत्सव 29 मार्च को 11.30 बजे से होगा। इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर एवं सहायक नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 30 मार्च की शाम को होगा। इसके नोडल अधिकारी उपखण्ड अधिकारी अजमेर एवं सहायक नोडल अधिकारी उपनिदेशक पर्यटन विभाग होंगे। 31 मार्च को प्रातः 11.30 बजे से निवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन एवं सहायक नोडल अधिकारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र होंगे।

होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

ब्यावर, (निसं) जिला पत्रकार संघ का होली स्नेह मिलन सामारोह राधा कुञ्ज गार्डन में रविवार को आयोजित हुआ।उपस्थित सभी पत्रकारों के साथ राजनेताओं, अतिथियों और राजकीय अधिकारियों ने चंग की थाप पर जमकर फूलों से होली खेलते हुए जमकर नृत्य किया।विधायक शंकर सिंह रावत, पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा , भाजपा नेता इंद्र सिंह बागावास , प्रमुख ब्लागर सुरेन्द्र चतुर्वेदी , अजमेर के वरिष्ठ पत्रकार ओम माथुर , दैनिक निरन्तर के सम्पादक रामप्रसाद कुमावत ने माँ सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्ष किशन नटराज, वरीष्ठ उपाध्यक्ष गोविन्द शर्मा , विष्णु दत्त धीमान , प्रसंगवश के यू ट्ययूबर रमेश शर्मा , विमल चौहान ने मुख्य अतिथि का मंगल तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया। पायल म्यूजिकल ठ्रुप की ओर से एक से बढ़कर एक फाग भजन प्रस्तुत किए गए। जिला एस पी श्याम सिंह अमृतकौर हास्पीटल के पीएमओ सुरेन्द्र सिंह चौहान,पूर्व सभापति नरेश कनौजिया, वर्धमान शिक्षण संस्थान के सचिव डॉ नरेन्द्र पारख प्रमुख भामाशाह सुनील खेतपालिया का संस्था के पत्रकारों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौक़े पर जिले के अन्तर्गत आने वाले सभी ब्लाक से पत्रकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ करवायी। इस अवसर पर रमेश बंसल , एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया , एडवोकेट महेन्द्र बोहरा, एडवोकेट मदन वैष्णव, महावीर बाफणा, हनुमान चौधरी, श्याम शर्मा, जयकिशन बल्दुआ, अमरचंद मूंदड़ा इत्यादि गणमान्य नागरिकों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र प्रजापति एवं मोमिन खान ने किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने राजस्थानी व्यंजन दाल,बाटी,चुरमा के साथ सहभोज किया।

सियाराम सेवा समिति का फागोत्सव

अजमेर, (कासं)। सियाराम सेवा समिति की महिला संगठन अध्यक्ष ऋचा अग्रवाल व उपाध्यक्ष ममता के नेतृत्व में रविवार को फाग उत्सव फूलों की होली खेल कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। फागउत्सव में 400 से महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। महिलाओं ने भजन मंडली द्वारा गाए होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। संस्था के पदाधिकारी सागर मीणा ने बताया कि रविवार रको सियाराम सेवा समिति की महिला संगठन का फाग उत्सव अध्यक्ष ऋचा अग्रवाल व उपाध्यक्ष ममता के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिला मंडली द्वारा फाग गीतों ब्रज में आज होली रसिया सहित अन्य गीतों जैसे वृंदावन और ब्रज के रस से सराबोर फाग पर नृत्य कर सियाराम नगर को आनंदित कर दिया। इस फाग उत्सव में फूलों से राधा और कृष्ण कन्हैया संग जोरदार होली खेली गई। राधा कृष्ण की सुंदर और मनमोहक झांकी सजाई गई। इस प्रोग्राम में छोटे छोटे बच्चों द्वारा राधा कृष्ण बनकर नृत्य किया। सुगंधित गुलाब के इतर से पूरे वातावरण को मस्त कर दिया समिति के अध्यक्ष और समस्त पदाधिकारियों ने भजन मंडली का शॉल और माला पहनाकर स्वागत किया गया । फाग उत्सव में सभी को कोल्ड ड्रिंक और प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष सागर मीणा, सचिव ताराचंद शर्मा, विजय ओझा, मोतीलाल सामरिया, रूप किशोर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

लोक बंधु ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर लोक बन्धु द्वारा रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ (ईओ) एवं राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय (आरओ) प्रतियोगिता परीक्षा-2022 के आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। रविवार को परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं नोडल परीक्षा वंदना खोरवाल ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ (ईओ) एवं राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय (आरओ) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया। इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला कलैक्टर लोक बन्धु द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों में से ख्वाजा मॉडल स्कूल, राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुजराती स्कूल एवं सोफिया स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। यहां पर नियमानुसार सुरक्षा एवं परीक्षार्थियों की लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि जिला कलैक्टर द्वारा परीक्षा से जुड़े कार्मिकों एवं अधिकारियों को आयोग के निर्देशानुसार परीक्षाएं संपादित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान सुनिश्चित की गई। परीक्षा की पूर्ण गोपनीयता बनाए रखते हुए परीक्षा का सुचिता के साथ सफल आयोजन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई। यह जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा से जुडे समस्त कार्मिकों, अधिकारियों एवं व्यवस्थापकों के सम्मिलित प्रयासों से सम्भव हुआ। परीक्षार्थियों को भी पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

श्रम विभाग में समीक्षा बैठक आयोजित

अजमेर, (कासं)। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त कार्यालय में रविवार को उपकर संग्रहण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। श्रम विभाग के संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त प्रदीप कुमार झा ने बैठक में अधिकारियों व श्रम निरीक्षकों को निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक निर्माण स्थलों होटल, अस्पताल, स्कूल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सर्वे कर उपकर वसूली बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में किसी भी श्रेणी के निर्माण कार्य कर उपकर में कोई छूट नहीं हैं। प्रोजेक्ट की कुल लागत का एक प्रतिशत उपकर अनिवार्य रूप से देना होगा। इसे समय पर जमा नहीं करने पर 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज और मूल राशि के बराबर जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग ने ज्यादा से ज्यादा निर्माण स्थलों के मालिकों को नोटिस जारी किए है। उन्हें दस्तावेज और उपकर जमा कराने का मौका दिया जा रहा है। यदि किसी ने नगर निकाय में नक्शा पास कराते समय अनुमानित उपकर राशि जमा करवाई है, तो शेष राशि संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त कार्यालय में जमा कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि शहरवासियों को इस नियम के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

शहीदों को श्रद्धांजलि दी

अजमेर, (कासं)। हिंद सेवा दल के तत्वदान में आज शहीद दिवस पर महान सपूत शहीदों याद कर श्रद्धांजलि दी। संस्था के अध्यक्ष आर के महावर ने बताया की देश के शहीदों ने मां भारती के लिए अपने प्राणों को न्योछावर किया उनको याद ही नहीं करना बल्कि उनके बताए हुए मार्ग से हमें देशप्रेम के प्रति प्रेरणा भी लेना होगा। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित सिंह टाक, राकेश परमार,रमेश निर्वाण, दीपक ठाकुर, पुनीत भार्गव, चंद्रशेखर चौधरी, अमर सिंह निरवान, राजवीर सिंह, सुशील शर्मा, कुलदीप खन्ना, वंदना खोरवाल, पवन कुमार, चंद्रभान सिंह, सोमरतन आर्य, गोपाल माथुर, सुनीता सांखला, डॉ हिमनंदनी, इत्यादि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

सरस संवाद संगोष्ठी एवं होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

अजमेर, (कासं)। अजमेर डेयरी प्रांगण में रविवार को अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में अजमेर जिले के समस्त रिटेल आउटलेटस को एकत्रित कर होली स्नेह मिलन समारोह एवं सरस संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत अध्यक्ष द्वारा अजमेर डेयरी के विक्रेताओं की समस्याओं की सुनवाई की एवं दूध विक्री में बढोत्तरी को लेकर सुझाव मांगे।

उन्होंने अपने उद्बोधन में सरस दुग्ध विक्रेताओं को कमाओ पूत के नाम से सम्बोधित किया तथा उनके हितो के विषय में कई निर्णय लिए जिसमें मुख्य रूप से 100 लीटर से अधीक दुग्ध बिक्री करने वाले एजेन्ट को डीपफ्रीज उपलब्ध करवाये जाऐगें, सरस घी भी दुग्ध सप्लाई वाहनों द्वारा बूथों पर उपलब्ध करवाया जाऐगा। सुगमता से सरस की आईसक्रीम भी दुग्ध विक्रेताओं तक पहुंचाई जायेगी। बूथ एजेन्ट को यदि 50 क्रेट से अधिक कोई आपातकालीन दुग्ध व दुग्ध उत्पाद की मांग होती है तो डेयरी वाहन द्वारा गंतव्य स्थान तक पहुंचाई जायेगी। बूथ एजेन्टो को यदि किसी दुग्ध वितरक डेयरी उत्पाद आदि से कोई समस्या हो तो वें प्रत्यक्ष रूप से अपनी शिकायत व सुझाव अध्यक्ष को मोबाईल फोन पर नोट करवा सकते है। उन्होने बूथ एजेन्टों की शिकायतों के निस्तातरण के लिए वहां मौजूद समबंन्धित मार्ग के दुग्ध वितरकों को पाबंद किया और सम्बन्धित अधिकारियों को भी शिकायतों का अवलोकन कर निस्तारित करने हेतु कार्यवाही के आदेश दिए।

अजमेर डेयरी के प्रबंध संचालक रामलाल चौधरी ने अजमेर डेयरी के समस्त बूथ एजेन्टों का बीमा करवाए जाने के निर्देश दिये साथ ही अजमेर डेयरी का दूध सुगमता से व समय से गर्तव्य स्थान पर पहुंच सके इसके लिए डेयरी के दुग्ध वितरण मार्गो को छोटा बनाने पर कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वत किया।

उन्होंने कहा कि आज का समय डिजिटलाईजेशन का है। अतः पुराने ढररे को छोड कर नई तकनीक को सीख कर ऑनलाईन डिमाण्ड व पेमेन्ट सिस्टम को अपनावे। अजमेर डेयरी द्वारा समस्त बूथ संचालको का राशि 5 लाख रू. तक का निःशुल्क बीमा किया जायेगा। जिसकी प्रीमियम राशि अजमेर डेयरी द्वारा वहन की जायेगी। जिसमें दुर्घघटना में मृत्यु होने पर 5 लाख रू. व एक्सीडेन्ट होने पर राशि 2.50 लाख रू. तक का क्लेम उनके आश्रितों को प्राप्त हो सकेगा।

डेयरी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में शिरकत की।

अजमेर डेयरी प्रांगण में अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में रिटेल आउटलेटस को एकत्रित कर होली स्नेह मिलन समारोह एवं सरस संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया।

भगवान आदिनाथ के जन्मकल्याण महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

अजमेर, (कासं)। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के रविवार को आयोजित जन्मकल्याण महोत्सव पर श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैसवाल जैन मंदिर केसरगंज के तत्वावधान त्रिदिवसीय विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।

रविवार को जन्मकल्याणक उत्सव पर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महिला मंडल द्वारा बधाई गीत गाए। शोभायात्रा में सजाई गई झांकियों ने मन मोह लिया महोत्सव का समापन धर्मसभा के आयोजन के साथ हुआ, जिसमें परम पूज्य उपाध्याय श्री वृषभानंदजी महाराज ससंघ के सान्निय में प्रवचन हुए।

बधाई गीत गाए

संस्था के विनीत जैन और पवन जैन ने बताया रविवार को सुबह कार्यक्रम की शुरुआत जैन समाज की ब्राह्मी महिला मंडल द्वारा भगवान ऋषभदेव जी के बधाई गीत से हुई। इसके पश्चात भगवान का अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। शांतिधारा के बाद विधिवत पूजन किया, जिसके बाद भगवान ऋभदेवजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा केसरगंज स्थित दिगंबर जैसवाल जैन मंदिर से बैंडबाजों की धुन पर शुरू हुई जो शहर के प्रमुख मार्गों जीसीए, गोल चक्कर, आर्य समाज मार्ग, गांधी भवन , मदार गेट, कवंडसपुरा, पड़ाव होते हुए आदिनाथ मार्ग पर धर्मसभा के तब्दील हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुषा सहित बुजुर्गो व बच्चों ने भक्ति भाव से भाग लिया। शोभायात्रा का सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों से समाजबंधुओं द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वारों पर पुष्पवर्षा की गई।

धर्मसभा हुई

शोभायात्रा के समापन के बाद धर्मसभा का आयोजन हुआ, जिसमें जैन मुनिराज उपाध्याय वृषभानंद महाराज ने मंगल प्रवचन दिए। प्रवचन में उन्होंने भगवान ऋषभदेव जी के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को धार्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। धर्मसभा के पश्चात वात्सल्य भोज का आयोजन किया गयाए जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव के सफल आयोजन में जैन समाज के प्रमुख पदाधिकारियोंए महिला मंडलए युवा मंडल और विभिन्न संगठनों ने सहयोग किया।

शिक्षा बोर्ड पेंशनर्स संघ का होली मिलन समारोह हुआ

अजमेर में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिसर स्थित ऑडिटोरियम में शिक्षा बोर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

अजमेर, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि राजस्थान बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं की गुणवत्ता पूरे देश में अव्वल नंबर की मानी जाती है ,इसका मुख्य कारण है कि राजस्थान बोर्ड की स्थापना के समय इसकी बुनियाद मजबूत कार्य दक्ष हाथों से रखी गयी है। वर्तमान कार्मिकों का दायित्व है कि बोर्ड की प्रतिष्ठा जो दशकों से चली आ रही है वह अक्षुण्ण बनी रहे । 20 लाख विद्यार्थियों की प्रतिवर्ष परीक्षाओं का सफल आयोजन इस बोर्ड के कार्मिकों की लगन और मेहनत कारण ही संभव हो पाता है। शर्मा रविवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिसर स्थित ऑडिटोरियम में शिक्षा बोर्ड पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

स्नेह मिलन कार्यक्रम का आगाज संयोजक सुभाष दत्त शर्मा के आज कृष्ण को फाग आयो गीत प्रस्तुत कर की । शिक्षा बोर्ड के फनकार गुरु सेवक बाकलीवाल ने अपने चुटिले अंदाज में फागुन समाचारों की प्रस्तुति दी । संपत माली और रामचंद्र बाबानी ने मस्ती भरे अंदाज में फाग गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया । कार्यक्रम को गणेश चौधरी ने आंखों में कयामत के काजल गीत प्रस्तुत कर नई ऊंचाई दी । सहायक निदेशक राजीव चतुर्वेदी ने अपनी रचना सुन्दर साज बनाता हूं सुनाकर ढेरों तालियां बटोरी । कार्यक्रम में मीना सक्सेना , किशन गोपाल विजयवर्गीय , सुरेश चन्द्र व्यास , प्रकाश पुरोहित और योगेश कुमावत ने भी शानदार प्रस्तुतियां दी ।शहर के जाने-माने कलाकार सुभाष चंद्र शर्मा ने कार्यक्रम के अंत में अपने चिरपरिचित अंदाज में होली की चंग गाकर वातावरण में होली के रंग भर दिये। प्रारंभ में पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और अंत में महासचिव अनिल रांका ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश शर्मा ने किया।

11 जने सिन्धु रत्न से सम्मानित

अजमेर, (कासं)। सिंध इतिहास एवं साहित्य शोध संस्थान सिंधी समाज महासमिति अजमेर के तत्वावधान में चेटीचंड पखवाड़े के तीसरे दिन सिंधुरत्न सम्मान का कार्यक्रम स्वामी कॉम्पलेक्स में संतो के आशीर्वाद से आयोजित किया गया।

शुभारंभ ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महंत स्वरूपदास, श्री शांतानन्द उदासीन आश्रम पुष्करराज के महंत हनुमानराम, प्रेम प्रकाश आदर्श नगर दादा नारायणदास, जतोई दरबार के भाई फतनदास, सांई बाबा मन्दिर के ट्रस्टी महेश तेजवाणी, दिशा किशनानी व कुसुम आर्य द्वारा आराध्यदेव झूलेलाल भगवान व स्वामी हिरदाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

अध्यक्ष कवंलप्रकाश किशनानी ने संस्था का परिचय व सिंधु रत्न सम्मान की जानकारी देते हुये बताया कि संस्था की ओर से 2015 से लगातार सम्मान प्रदान किए जा रहे हैं, इसी कड़ी में रविवार को 11 विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालों को सिन्धु रत्न सम्मान संत महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

फैयाज खान सदस्य बने

अजमेर, (कासं)। बार काउंसिल अध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने सदस्य सीनियर एडवोकेट सैयद शाहिद हसन की अनुशंसा पर अजमेर के अधिवक्ता फैयाज खान को काउंसिल की अनुशासन समिति का को-आपटेड सदस्य नामांकित किया। फैयाज अनुशासन समिति 3 में अधिवक्ताओं के अनुशासन मामलों की सुनवाई करेंगे।

श्याम शरण देवाचार्य ने झरनेश्वर मंदिर में पूजा की

निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्रीश्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज का पृथ्वीराज मार्ग खाईलैंड मार्केट स्थित निम्बार्क कोट मंदिर परिसर में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में अभिनन्दन कर आशीर्वाद लिया।

अजमेर, (कासं)। प्राचीन श्री झरनेश्वर महादेव मंदिर पर रविवार को आयोजित गुरु गोविंद कार्यक्रम में भाग लेने अजमेर पहुंचे निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्रीश्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने पूजा अर्चना कर धर्मसभा को संबोधित किया। अजमेर आगमन पर पृथ्वीराज मार्ग खाईलैंड मार्केट स्थित निम्बार्क कोट मंदिर परिसर में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में अभिनन्दन कर आशीर्वाद लिया।

महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि श्रीश्याम शरण देवाचार्य महाराज को महासंघ के प्रतिनिधि मंडल श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ से अजमेर के समस्त व्यापारिक संगठनों के जुड़े होने की जानकारी प्रदान की और उनकी समस्याओं के लिए संघर्ष करते रहने की बात कही।

अभिनंदन कार्यक्रम में इस अवसर पर पत्रकार प्रवीण कुमार और रमेश लालवानी, श्याम सुंदर सोनी, कार्तिक शर्मा ने महाराज को शॉल पहनाकर, माला भेंट और राधा स्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमलसिंह ब्यास अमृतसर पंजाब से प्रकाशित आध्यात्मिक साहित्य परमार्थी भेंट करके अभिनन्दन किया और आशीर्वाद लिया।

प्रतिनिधि मंडल में महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी, श्याम सुंदर सोनी, कन्हैयालाल गंगवानी आदि सम्मलित थे।

पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मंडल के तत्वावधान में मंदिर परिसर में अध्यक्ष नारी भाई देवानी और उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी द्वारा प्रवीण कुमार, रमेश लालवानी, राजेन्द्र मूरजानी, श्याम सुदंर सोनी का झरनेश्वर महादेव की पख्खर पहनाकर और रोट का प्रसाद भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के नरेश रतनानी, बच्चू हरवानी भी मौजूद रहे।

घूमर-7 का पोस्टर जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान सभ्यता व संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए नवरंग डांस क्लासेस एवं इवेंट्स एवं क्लार्क्स रिसॉर्ट, द आर्चिस कैस्टल के द्वारा 13 अप्रेल को शाम 6 बजे घूमर -7 का आयोजन मदार स्थित क्लार्क्स रिसॉर्ट में किया जाएगा। रविवार को पोस्टर का विमोचन किया गया।

आयोजिका सपना टाक ने बताया कि राजस्थान अपनी वीरता, खानपान, लोक गीत के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें घूमर नृत्य राजपूत समाज में पारंपरिक नृत्य है। आज के समय में दौड़ भाग की जिंदगी में लोग इसे भूलते जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थानी सभ्यता और संस्कृति को प्रोत्साहन देना है।

अजमेर के सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली 6 वर्षीय नन्ही बालिका ने सैय्यदा सुमय्या ने जीवन का पहला रोजा रखा। उसकी बडी बहन सैय्यदा खदीजा ने पिंड खजूर से रोजा खुलवाया।

कोठारी अध्यक्ष एवं सांखला मंत्री बने

बिजयनगर, (नि.सं.)। श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ संस्था बिजयनगर के चुनाव रविवार को महावीर भवन में शांतिपूर्ण संपन्न हुए।

चुनाव अधिकारी मनोज कुमार सांखला एवं उनकी टीम की देखरेख मेंसंपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद प्रत्याशी प्रेम राज बोहरा एव भंवरलाल कोठारी मन्त्री पद प्रत्याशी ज्ञान सिंह सांखला संपत सिंह छाजेड़ के बीच मुकाबला हुआ। श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघसंस्था के कुल 898मतदाताओं में से 812 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भंवरलाल कोठारी ने459 मतप्राप्त करअपनी निकटतम प्रतिद्वंदी प्रेम राज बोहरा को 108 मतों से पराजित कर जीत हासिल की। मंत्री पद के प्रत्याशियो के बीच कांटे की टक्कर रही। मन्त्री पद प्रत्याशी ज्ञानसिंह सांखला ने 406 मत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संपत सिंह छाजेड़ को 6 मतों से पराजित कर जीत दर्ज करवाई।

शहीद दिवस पर सलाम-ए-भगत सिंह कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। दस्तक संस्था द्वारा महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम सरदार भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू के शहादत दिवस पर 23 मार्च 2025 को सूचना केंद्र पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सैकड़ों धावकों ने मैराथन में भाग लिया।

मैराथन में प्रथम पुरस्कार अनिल मीना को 11 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार हनुमान कुमावत को 7100 रुपए और तृतीय पुरस्कार राजेश को 5100 रुपए दिया गया। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था की तरफ से महिला वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार ज्योति कंवर 3100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार टीना गुर्जर को 2100 रुपए और तृतीय पुरस्कार सुमन गुर्जर को के रूप में 1100 रुपए दिए गए। वरिष्ठ नागरिक वर्ग (50 वर्ष से अधिक आयु वाले) मे प्रथम पुरस्कार शिवराज भाम्बी को 3100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार धर्मपाल यादव को 2100 रुपये, तृतीय पुरस्कार राकेश नन्दावत को 1100 रुपये दिये गये। इसके अतिरिक्त इस मेराथन दौड़ मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी धावकों को एक-एक पानी की बोतल पुरस्कार के रूप में दी गई।

दस्तक के एडवोकेट नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि संस्था द्वारा शहादत दिवस पर 23 मार्च रविवार को शहर में "सलाम-ए-भगतसिंह" कार्यक्रम रखा गया। इसमें सुबह 7 बजे युवाओं के लिए सूचना केंद्र चौराहा पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश अनिल गुप्ता, पूर्व जिला न्यायाधीश शिवप्रकाश शर्मा, खेल अधिकारी महोदय हेमेंद्र सिंह राणावत, जीएसटी आयुक्त भीलवाड़ा अनिरुद्ध वैष्णव, एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अविनाश पाटोदिया, सीएमएचओ सीपी गोस्वामी, अध्यक्ष अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा राजेश शर्मा, सचिव जिला एथलीट संघ लाजपत आचार्य, सचिव महेश सेवा समिति राजेंद्र कचौलिया, एडवोकेट गोपाल अजमेरा ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कांग्रेस की बैठक हुई

ब्यावर, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र प्रभारी ललित बोरिवाल ने रविवार को ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक में कहा कि ब्यावर भी ज़िला कांग्रेस राज में ही बना, परंतु स्थानीय स्तर पर नेताओं की गुटबाज़ी के कारण बार-बार हमें हार का मेंह देखना पड़ रहा है। अब स्थानीय निकाय चुनावों में हमें एकजुट होना होगा। ज़िला प्रवक्ता अजय शर्मा, कमल वर्मा ने बताया कि ब्यावर ब्लॉक की बैठक मेवाड़ी गेट स्थित रांकाजी की बगीची में हुई।

देहात अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि निष्क्रिय रहने वाले पदाधिकारियों की छुट्टी की जाएगी। बैठक को पूर्व विधायक माणक डाणी, पारसमल जैन, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह गोरा, कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत, पूर्व सभापति डॉ मुकेश मौर्य, वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा सहित कई जनों ने सम्बोधित किया।